भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3924

जिसका उत्तर 06.04.2022 को दिया जाना है

बिहार में हाजीपुर से मुसरीघरारी राष्ट्रीय राजमार्ग को चौड़ा किया जाना

3924. श्री राम नाथ ठाकुर:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि हाजीपुर के पासवान चौक से मुसरीघरारी, बिहार तक एक राष्ट्रीय राजमार्ग है;

(ख) क्या यह भी सच है कि उक्त राजमार्ग की चौड़ाई राज्यीय राजमार्गों की चौड़ाई से भी कम है जिसके कारण आवाजाही में कठिनाई होती है; और

(ग) यदि हां, तो सरकार, जनहित में, इस राजमार्ग को चौड़ा करने की योजना को कब तक कार्यान्वित करने का विचार रखती है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) रारा-322 (पुराना रारा-103), हाजीपुर के पास रारा-22 के साथ अपने जंक्शन से शुरू होकर मुसरीघरारी, समस्तीपुर, दरभंगा को जोड़ता है और बिहार राज्य में बेला नवादा के पास रारा-27 के साथ अपने जंक्शन पर समाप्त होता है।

(ख) और (ग) राष्ट्रीय राजमार्गों को यातायात योग्य स्थिति में रखने के लिए यातायात सघनता, पारस्परिक प्राथमिकता और निधियों की उपलब्धता के अनुसार समय-समय पर राष्ट्रीय राजमार्गों (रारा) का विकास और रखरखाव किया जाता है। मौजूदा सड़क का कैरिजवे दो लेन का है। सुदृढ़ीकरण का कार्य काफी हद तक पूरा कर लिया गया है। सुदृढ़ीकरण कार्य की दोष देयता अवधि समाप्त होने के बाद चौड़ीकरण का कार्य शुरू किया जाएगा।

*****